# फर्रुखाबाद में लगेगी 570 करोड़ की कृषि प्रसंस्करण परियोजना

लखनऊ। सोम ग्रुप ऑफ कंपनीज की सहायक कंपनी वुडपेकर ग्रीनएग्री न्यूट्रिएंट्स प्राइवेट लिमिटेड फर्रुखाबाद के खिमसेपुर औद्योगिक क्षेत्र में अत्याधुनिक कृषि-प्रसंस्करण परियोजना स्थापित करेगी। लगभग 570 करोड़ रुपये के निवेश के साथ यह परियोजना लगभग 40 एकड़ भूमि पर लगेगी। यहां एथेनॉल, स्टार्च, ग्लूटेन और डिस्टिलरी उत्पादों के साथ पेय पदार्थ, कार्बोनेटेड वाटर और मवेशी चारा जैसे उत्पाद बनाए जाएंगे।

उत्तर प्रदेश राज्य औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीसीडा) की ओर से शुक्रवार को कंपनी को 40 एकड़ भूमि का आवंटन पत्र प्राप्त हुआ। इन्वेस्ट यूपी के सीईओ अभिषेक प्रकाश ने कंपनी के सीईओ दीपक अरोड़ा और सीएफओ सतीश भंसाली के साथ बैठक के बाद हर संभव सहायता देने का आश्वासन दिया। उन्होंने आगे कहा कि अधिकतम छह सप्ताह के भीतर कंपनी को लेटर ऑफ कम्फर्ट (एलओसी) निर्गत कर दिया जाएगा। ब्यूरो